PTCUL

पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

CIN:- U40101UR2004SGC028675

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून–248002

E-mail:- hr@ptcul.org

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाईट www.ptcul.org

पत्रांक: 1236 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईओ–04 दिनांक: 07.08.2025

कार्यालय ज्ञाप

वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी के धराली गॉव में हुई प्राकृतिक आपदा, हर्षिल में बादल फटने से आई आपदा, पौडी जिले में भू–स्खलन से हुई जनहानि की क्षति एवं कुमांयूँ क्षेत्र में भी भारी बारिश के कारण हुए नुकसान के दृष्टिगत सम्पूर्ण राज्य में उक्त वर्षा का प्रभाव विद्युत आपूर्ति एवं पारेषण तंत्र पर पडने से विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा से बचाव हेतु पिटकुल मुख्यालय स्थित प्रान्तीय भार निस्तारण केन्द्र में 24X7 आपदा सैल का एतद्द्वारा गठन किया जाता है तथा निम्नलिखित अधिशासी अभियन्ताओं को मानसून अवधि की समाप्ति अथवा अग्रिम आदेशों तक श्री ललित कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, लाईन डिजाईन, पिटकुल, देहरादून के नियंत्रणाधीन मुख्यालय स्थित प्रान्तीय भार निस्तारण केन्द्र के आपदा सैल में तैनात किया जाता है :–

क्र0 सं0	अधिशासी अभियन्ता का नाम	वर्तमान तैनाती स्थान
1.	श्री संतोष वशिष्ठ	वाणिज्य एवं नियामक, पिटकुल, देहरादून
2.	श्री जगबीर सिंह	क्यू0ए0/क्यू0सी0, पिटकुल, देहरादून
3.	श्री विनायक शैली	प्रान्तीय भार निस्तारण केन्द्र, पिटकुल, देहरादून
4.	श्री सतेन्द्र सिंह रावत	सूचना प्रौद्योगिकी, पिटकुल, देहरादून

आपदा सैल में तैनात उपरोक्त अधिकारी राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र, 36 आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून से समन्वय स्थापित करते हुए विद्युत आपूर्ति एवं पारेषण तंत्र पर मानसून से पडने वाले किसी भी दुष्प्रभाव को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लायेंगे तथा दिशा–निर्देशानुसार कार्य करेंगे।

उपरोक्त अधिकारी आपदा सैल में 24X7 (08–08 घण्टे की पाली में) कार्य करेंगे तथा प्रत्येक पाली की समाप्ति पर मानसून से पिटकुल पारेषण तंत्र पर पडने वाले किसी भी नकारात्मक प्रभाव अथवा किसी भी प्रकार की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की आख्या श्री ललित कुमार, अधीक्षण अभियन्ता को उपलब्ध करायेंगे तथा श्री ललित कुमार, अधीक्षण अभियन्ता प्रत्येक दिवस की आख्या निदेशक (परिचालन) एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

उपर्युक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक : 1236/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईओ–04, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन)/(परियोजना), पिटकुल को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक, पिटकुल............।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल..................।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल............................।
6. अधिशासी अभियन्ता, सूचना प्रौद्योगिकी–II, पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश कारपोरेशन की वैबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित अधिकारी/कट फाईल।

(अनुपम सिंह)

उपमहाप्रबन्धक (अधिष्ठान)